जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ/प्रशा/स्था/2021/ 4471

दिनांक: 24/08/2021

// अधिसूचना //

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल से प्राप्त पत्र क्रमांक 1090/262/आउशि/शा–5'अ'/2021 भोपाल दिनांक 23/08/2021 के अनुसार 25–26 अगस्त 2021 को म0प्र0 में **"कोरोना महावैक्सीन अभियान"** संचालित किया जा रहा है। **"युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान"** के अंतर्गत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा परिवार के सदस्यों एवं संपर्क में आने वाले अन्य पात्र व्यक्तियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाए।

शासन के निर्देशानुसार 01 सितम्बर 2021 से आरंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय में **"कोरोना महावैक्सीन अभियान"** 25–26 अगस्त 2021 को संचालित किया जा रहा है। अतः विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निर्देशक/विभागाधिकारी को सूचित किया जाता है, कि वे अपने विभाग में कार्यरत शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ सहित समस्त विद्यार्थियों के टीकाकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

टीकाकरण स्थानः– स्वास्थ्य केन्द्र, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1 समस्त समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निर्देशक/विभागाधिकारी की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

2 प्रो0 जी0वी0के0एस0 प्रसाद, समन्वयक, टीकाकरण केन्द्र, जी0वि0वि0 ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु।

3 डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, भोपाल।

4 कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

5 कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

6 श्री संजय बरतरिया की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की बेबसाईड पर अपलोड करें।

7 सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।

सहा0/उप–कुलसचिव (प्रशा0)

Scanned with CamScanner